आकाशवाणी चंडीगढ़

03 मई 2025, समय 06.10

## मुख्य समाचार

- पहलगाम आंतकी हमले के मद्देनजर भारत ने पाकिस्तान से आने वाली सभी प्रकार की अन्तर्गामी डाक और पार्सल पर प्रतिबंध लगाया।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने जल बंटवारे के मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता की।
- केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने फरीदाबाद के सेहतपुर पल्ला में 5 करोड़ 43 लाख रुपए की लागत से सीवरेज और पीने के पानी की लाइन बिछाने का शुभारंभ किया।
- पलवल में महारानी पद्मावती के नाम से महिला कालेज बनेगा।
- अंबाला रेलवे मण्डल ने यात्रियों की भीड़ को देखते हुए विशेष रेलगाड़ियां चलाईं ।

---

पहलगाम आंतकी हमले के मद्देनजर भारत ने पाकिस्तान से आने वाली और जाने वाली सभी प्रकार की अन्तर्गामी डाक और पार्सल पर प्रतिबंध लगा दिया है। आज जारी एक वक्तव्य में संचार मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने हवाई और जमीनी मार्ग से आने जाने वाली अन्तर्गामी डाक और पार्सल पर रोक लगाने का निर्णय लिया है।

---

जल बंटवारे के मुद्दे पर आज हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक का आयोजन किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, कैबिनेट मंत्री अनिल विज, कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा,कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा और

कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी विधायक आदित्य देवीलाल, पूर्व विधायक अमरजीत □ांडा, बीएसपी से कृष्ण जमालपुर,सीपीआई(एम) से ओमप्रकाश बैठक में मौजूद रहे।

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान, इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा, जेजेपी से पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला आम आदमी पार्टी से सुशील गुप्ता ने भी बैठक का हिस्सा बने।

---------------------------------------------------------------------------------------

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के राज्य मंत्री राजेश नागर ने आज जिला फरीदाबाद के सेहतपुर पल्ला में सीवरेज और पीने के पानी की लाइन डालने के कार्य का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा-

उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों पर सरकार द्वारा लगभग 5 करोड़ 43 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इसमें सीवर लाइन बिछाने पर लगभग 3 करोड़ 14 लाख रुपये तथा पीने के पानी की लाइन डालने पर लगभग 2 करोड़ 29 लाख रुपये की लागत आएगी। उन्होंने कहा कि इन कार्यों का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रवासियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ हो और हर घर तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

इस अवसर पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के राज्य मंत्री श्री राजेश नागर ने कहा कि प्रदेश सरकार जनता की मूलभूत आवश्यकताओं को सर्वोपरि मानते हुए निरंतर सक्रिय और प्रतिबद्ध है। इससे स्थानीय नागरिकों की वर्षों पुरानी मांग को साकार मिलेगा। पीने के पानी की पाइपलाइन से हर घर तक शुद्ध और सुरक्षित जल की पहुंच सुनिश्चित होगी।

---------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने आज अधिकारियों के साथ गुरुग्राम के जलभराव वाले इलाकों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि कल हुई बारिश के बाद अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

उन्होंने गुरुग्राम के 19 स्थानों पर मौके पर पहुंचकर जायजा लेने के उपरांत कहा कि हर बारिश के दौरान एक अधिकारी की ड्यूटी लगाई जाएगी, अगर उसके इलाके में जल भरा पाया गया तो उक्त अधिकारी पर कार्रवाई होगी। कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि गुरुग्राम में करीब 100 से ज्यादा ऐसे स्थान निश्चित किए हैं जहां जलभराव होता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस बार गुरुग्राम में जलभराव नहीं होगा।

-----------------------------------------------------------------------------------------

पलवल के महाराणा प्रताप भवन में आज नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।
अभिनंदन समारोह में महारानी पद्मावती गर्ल्स कॉलेज पलवल के भवन की निर्माण योजना और प्रतीक चिह्न का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर खेल मंत्री गौरव गौतम,राज्य मंत्री राजेश नागर,असंध के विधायक योगेंद्र राणा,हरियाणा लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य एवं महाराणा प्रताप भवन पलवल के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. हरेंद्र पाल राणा भी मौजूद रहे ।

इस अवसर पर विपुल गोयल ने कहा -

श्री गोयल ने कहा कि महारानी पद्मावती गर्ल्स कालेज शिक्षा के साथ साथ हमारी बेटियों को संस्कार देने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया जा रहा है। बेटियों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया है। महिलाओं का सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।पानी के मुद्दे पर विपुल गोयल ने कहा कि पंजाब सरकार राजनीति न करे।

इस अवसर पर खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा -

उन्होंने कहा कि पलवल में सीताराम ट्रस्ट द्वारा 4 एकड़ भूमि में करीब 40 करोड़ रुपए की लागत से महारानी पद्मावती गर्ल्स कॉलेज पलवल का भवन निर्माण किया जा रहा है। महारानी पद्मावती गर्ल्स कालेज शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा। यह कॉलेज शिक्षा के साथ साथ बेटियों को प्रेरणा देने का कार्य करेगा।

-----------------------------------------------------------------------------------------------

रेलवे मंडल अंबाला ने यात्रियों की भीड़ को देखते हुए विशेष रेलगाड़ियां चलाने का निर्णय लिया है।

अंबाला मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक नवीन कुमार ने बताया कि कटरा से गुवाहाटी, जम्मू से बनारस रूट पर स्पेशल 4 जोड़ी रेलगाइयाँ चलाई जा रही है।उन्होंने बताया -

उन्होंने बताया कि कटरा-गुवाहाटी ट्रेन 30 मई तक सप्ताह के हर शुक्रवार को चलेगी। जो अंबाला छावनी सहित अंबाला मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर रूकेगी। वहीं जम्मू-बनारस स्पेशल रेलगाड़ी 8 मई से 10 जुलाई तक चलाई जाएगी।

--------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि ईमानदारी, कर्मठता और मेहनत की बदौलत सैनी समाज की हमेशा अपनी विशेष पहचान रही है। महाराजा शूरसैनी के वंशज सैनी समाज की आपसी भाईचारा और मिलनसार व्यवहार भी खूबी है।

श्री कृष्ण कुमार बेदी आज नरवाना में आयोजित सैनी सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महाराजा शूरसैनी, महात्मा ज्योतिबा फूले व माता सावित्री बाई फूले की शिक्षा आज भी बराबर प्रासंगिक है और वर्तमान सरकार इन्हीं महात्माओं द्वारा बताए आदर्शों का अनुसरण करते हुए जन कल्याण के प्रति समर्पित भाव से कार्य कर रही है।

श्री बेदी ने कहा कि महापुरूषों के जीवन मूल्य किसी भी समाज की उन्नति के लिए जीवंत आधार होते हैं। प्रदेश सरकार संत कबीर, डॉ. भीमराव अम्बेडकर, गुरू रविदास, संत धन्ना भगत, महात्मा ज्योतिबा फूले जैसे साधु संतों द्वारा दिखाए रास्ते पर ही चल रही है। समाज में साधु संतों की शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार हो और उन्नत एवं सभ्य समाज का निर्माण हो, इसके लिए राज्य सरकार अपने स्तर पर सभी संत महापुरुषों की जयंतियां मना रही है।

श्री बेदी ने सैनी सभा धर्मार्थ समिति को धर्मशाला के लिए 25 लाख रुपये की अनुदान राशि देने की भी घोषणा की। इसके अलावा, गत कबीर जयंती समारोह में 17 लाख रुपये की घोषणा अनुदान राशि के चैक भी वितरित किए।

---------------------------------------

<u>मुख्य समाचार एक बार फिर</u>

. पहलगाम आंतकी हमले के मद्देनजर भारत ने पाकिस्तान से आने वाली सभी प्रकार की अन्तर्गामी डाक और पार्सल पर प्रतिबंध लगाया।

. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने जल बंटवारे के मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता की।

. केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने फरीदाबाद के सेहतपुर पल्ला में 5 करोड़ 43 लाख रुपए की लागत से सीवरेज और पीने के पानी की लाइन बिछाने का शुभारंभ किया।

. पलवल में महारानी पद्मावती के नाम से महिला कालेज बनेगा।

. अंबाला रेलवे मण्डल ने यात्रियों की भीड़ को देखते हुए विशेष रेलगाड़ियां चलाईं ।